उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## बुधवार, 13 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1941

( दिनांक : 04 दिसम्बर, 2019 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ ''वन्दे मातरम्'' (देखिये नत्थी **''क''**)।
2. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **''ख''**)
3. प्रश्न (देखिए नत्थी **''ग''**)
4. निधन के निदेश।
5. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) (संशोधन) अध्यादेश, 2019 को सदन के पटल पर रखेंगे।
6. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) अध्यादेश, 2019 को सदन के पटल पर रखेंगे।
7. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड {उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993} (संशोधन) अध्यादेश, 2019 को सदन के पटल पर रखेंगे।
8. पर्यटन मंत्री, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद (संशोधन), अध्यादेश, 2019 को सदन के पटल पर रखेंगे।
9. पंचायती राज मंत्री, उत्तराखण्ड पंचायतीराज (द्वितीय संशोधन), अध्यादेश, 2019 को सदन के पटल पर रखेंगे।
10. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुविधा (आवासीय एवं अन्य सुविधाए), अध्यादेश, 2019 को सदन के पटल पर रखेंगे।
11. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 172 की उपधारा (1) के उपबन्ध के अधीन अधिसूचित कठिनाई निवारण आदेश संख्या 188, दिनांक 28 फरवरी, 2019 आदेश सं0-189, दिनांक 28 फरवरी, 2019, आदेश सं0-282, दिनांक 09 अप्रैल, 2019, आदेश सं0-428, दिनांक 31 मई, 2019 एवं आदेश संख्या 432, दिनांक 31 मई, 2019 को सदन के पटल पर रखेंगे।
12. समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिनियम, 2003 की धारा-9 (2) के अन्तर्गत आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन, ( अवधि 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च, 2018 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।

13. मुख्यमंत्री केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अधीन उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग की वित्तीय वर्ष 2017-18 की वार्षिक रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेंगे।

14. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के संयुक्त वार्षिक प्रतिवेदन (वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19) को सदन के पटल पर रखेंगे।

15. मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य खाद्य आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन (वर्ष 2013 से वर्ष 2018) को सदन के पटल पर रखेंगे।

16. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

(1) उत्तराखण्ड पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2019 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 26 जून, 2019 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 24 जुलाई, 2019 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2019 का दसवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 25 जून, 2019 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 19 सितम्बर, 2019 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2019 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

17. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

18. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम प्रेमराजपुर पो0 भगवानपुर में अम्बेडकर पार्क की चाहरदिवारी एवं सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री अर्जुन पुत्र श्री रामपाल ग्राम राजपुर, पो0 भगवानपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम अमरपुर पोस्ट ईकबालपुर में शमशान घाट की चाहरदिवारी कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री राकेश, पुत्र श्री सुल्तान सिंह, ग्राम-अमरपुर, पो0-ईकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम बालेकी पो0 नन्हेडा में प्राथमिक विद्यालय के विनिर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री जब्बर पुत्र श्री सरफुद्दीन ग्राम बालेकी यूसूफफुर, पो0 नन्हेडा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के चम्बा मसूरी फल पट्टी के कास्तकारों को आवंटित पट्टों के नियमितीकरण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री चरण सिंह कण्डारी ग्राम व पो0 मजगांव सकलाना, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के टिहरी झील में कैचमेन्ट एरिया में भूमि संरक्षण एवं संवर्धन के लिए टी0एच0डी0सी0 द्वारा लम्बे समय से वचनबद्ध धनराशि न दिये जाने के सम्बन्ध में'' श्री अमर सिंह ग्राम चोपड़ा पो0 पातिनियादेवी, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा ''राजकीय पी0जी0 कालेज नई टिहरी को भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री विक्रम सिंह कठैत निवासी जी-ब्लाक, नई टिहरी, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा "जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के पदमपुर ग्राम सभा के गलपा, पातल, तोला, द्योतोड़ा, बसानीधूरा, पदमपुर, मीडार सहित ओखलकाण्डा, धारी, रामगढ़ एवं भीमताल ब्लाकों के कई जगहों में पेयजल समस्या को दूर किये जाने के सम्बन्ध में" श्री जीवन जोशी पुत्र श्री ईश्वरी दत्त जोशी, ग्राम सभा पदमपुर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा "जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के पदमपुर ग्राम सभा के गलपा, पातल, तोला, द्योतोड़ा, बसानीधूरा, पदमपुर, मीडार सहित ओखलकाण्डा, धारी, रामगढ़ एवं भीमताल ब्लाकों विद्युत लाईन की केबल व पोल जो पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है उन्हें बदले जाने के सम्बन्ध में" श्री जीवन जोशी पुत्र श्री ईश्वरी दत्त जोशी, ग्राम सभा पदमपुर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

27. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

28. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

29. उद्यान मंत्री, उत्तराखण्ड फल पौधशाला (विनियमन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

30. उद्यान मंत्री, उत्तराखण्ड फल पौधशाला (विनियमन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

31. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन), विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

32. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन), विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

33. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन), विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

34. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन), विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

35. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

36. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

37. पंचायतीराज मंत्री, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगेः-

"यह सदन भारत सरकार से अनुरोध करता है कि मध्यवर्ती स्तर तथा जिला स्तर पर किसी पंचायत के अध्यक्ष के प्रत्यक्ष निर्वाचन हेतु भारत का संविधान के अनुच्छेद 243 (ग) के खण्ड (5) के उप खण्ड (ख) में संशोधन किया जाय।"

38. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक :03 दिसम्बर, 2019**

(हस्ताक्षर)
**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

Scanned by CamScanner

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी “क”

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्मातरम्। वन्दे मातरम्।।

तृतीय सत्र, 2019
का प्रथम बुधवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

बुधवार,
13 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1941
(दिनांक : 04 दिसम्बर, 2019)

नत्थी 'ख'

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री विनोद कण्डारी
23.11.2019

** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र, देवप्रयाग के विकासखण्ड, हिण्डोलाखाल के अन्तर्गत माल्ड़ा में एन.सी.सी. प्रशिक्षण एकेडमी की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा घोषणा की गयी थी ? यदि हाँ, तो घोषणा संख्या क्या है ? क्या सरकार द्वारा एन.सी.सी. प्रशिक्षण एकेडमी का कोई शासनादेश जारी किया गया था ? यदि हां, तो शासनादेश जारी करने की तिथि व सम्पूर्ण विवरण क्या है ? सरकार द्वारा एन.सी.सी. प्रशिक्षण एकेडमी के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गयी, उसका सम्पूर्ण विवरण क्या है ? क्या सरकार द्वारा माल्ड़ा में एन.सी.सी. प्रशिक्षण एकेडमी में आज समय तक क्या–क्या कार्यवाही की गयी है ? क्या सरकार तत्संबंधित विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

शिक्षा

उत्तराखण्ड विधान सभा

तृतीय सत्र, 2019
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**बुधवार,**
**13 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1941**
**(दिनांक : 04 दिसम्बर, 2019)**

**नत्थी 'ग'**

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.08.2019 | **पंचम सोमवार के तारांकित प्रश्न संख्या 19 में स्थानान्तरित।**<br>*1. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सीमांत क्षेत्र में लोग निवास कर रहे हैं ? इन क्षेत्रों में निवास कर रहे अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों की जमीन की समस्या के निदान के लिए सरकार कोई योजना चला रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.08.2019 | *2. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य कर्मचारी बीमा योजना के अन्तर्गत बीमांकित लाभार्थियों की संदर्भित चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु राज्य कर्मचारी बीमा योजना द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–2018 एवं 2018–2019 में कितने लाभार्थियों को कितनी धनराशि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के रूप में वितरित की गई तथा कितने प्रकरण अभी भुगतान हेतु लम्बित हैं ? इनके भुगतान की क्या प्रक्रिया है एवं इन दो वित्तीय वर्षों में कितनी धनराशि विभाग को प्राप्त हुई है ? | श्रम |
| श्री प्रीतम सिंह<br>06.08.2019 | *3. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लालढांग–चिलरखाल मार्ग का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.08.2019 | **स्थगित।**<br>*4. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के वनों में पाई जाने वाली प्रचुर प्राकृतिक सम्पदा यथा जड़ी–बूटी, बांज, बुरांश आदि पौधे तथा जल स्रोतों का युक्तियुक्त दोहन कर प्रदेश में रोजगार की अपार सम्भावनाएं सृजित की जा सकती है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.08.2019 | *5. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जीव–जन्तुओं की कुल कितनी प्रजातियां उपलब्ध हैं ? क्या यह सत्य है कि वन क्षेत्र के घटने व पर्यावरण दूषित होने के कारण जीव–जन्तुओं की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं ? क्या सरकार जीव–जन्तुओं की निरन्तर विलुप्त हो रही प्रजातियों के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए कोई ठोस कार्य योजना निर्माण पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो वह क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.08.2019 | *6. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम में कब–कब संशोधन कर कितनी–कितनी न्यूनतम मजदूरी तय की गई थी ? क्या सरकार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत न्यूनतम मजदूरी का पुनर्निर्धारण करने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री चन्दन राम दास<br>07.08.2019 | *7. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में वन अग्नि से कितना नुकसान हुआ है? वन अग्नि से कितनी धनराशि की वन सम्पदा व कितनी धनराशि का अन्य नुकसान हुआ है ? क्या मंत्री जी वन अग्नि को रोकने के लिए कोई ठोस नीति व जिम्मेदारी तय करेंगे तथा लापरवाह अधिकारियों को इसके लिए दण्डित करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | वन एवं वन्य जीव |
| श्री प्रीतम सिंह<br>08.08.2019 | **स्थगित।**<br>*8. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में रिस्पना नदी की स्वच्छ अविरल जल धारा बह सके उसके लिए सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री प्रीतम सिंह<br>21.08.2019 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>*9 क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में श्रमिकों की दयनीय स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या उपाय किये गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? अब तक सरकार द्वारा श्रम दक्षता को बढ़ाने के लिए श्रमिकों को क्या–क्या सामान वितरित किये गये है ? क्या मंत्री जी वितरित सामान व श्रमिकों की जनपदवार सूची उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री चन्दन राम दास<br>11.09.2019 | *10 क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में रोजगारपरक शिक्षा के लिए संचालित आई0टी0आई0 संस्थानों को प्रदेश सरकार ने बन्द करने का निर्णय लिया हैं? यदि हां, तो कौन–कौन से संस्थान इसमें शामिल हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिस आई0टी0आई0 के नाम स्थानीय लोगों ने भूमि दान दी हो तथा कार्यदायी संस्था को भवन निर्माण हेतु धनराशि दी हो तथा पर्याप्त छात्र संख्या भी हो तो ऐसे आई0टी0आई0 जिनमें कटपुड़ियाछीना का आई0टी0आई0 भी सम्मिलित है, को बन्द करने का क्या औचित्य हैं ? | कौशल विकास |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>15.10.2019 | *11. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने और कौन–कौन से नगर निकाय ऐसे हैं, जहां कूड़ा निस्तारण करने हेतु ट्रेंचिंग ग्राउण्ड नहीं है ? उक्त नगर निकायों में प्रत्येक दिन एन0जी0टी0 के मानक अनुसार कूड़ा निस्तारण किस प्रकार किया जाता है ? | शहरी विकास |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.08.2019 | 1. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नगर पंचायतों/नगर पालिका परिसरों तथा नगर निगमों में आवारा पशुओं को रखे जाने के लिए कांजी हाउसों के निर्माण की योजना प्रारम्भ की गई है ? क्या यह सत्य है कि आवारा पशुओं की कस्बों/नगरों/शहरों में समुचित व्यवस्था न होने से समस्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ? यदि हां तो सरकार द्वारा इस समस्या का स्थायी निदान किया जायेगा और इसका स्वरूप क्या होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री राजकुमार<br>07.08.2019 | 2. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर विकास विभाग द्वारा मा0 सदस्यों से अवस्थापना मद के अंतर्गत जो प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं, उन प्रस्तावों पर कितनी–कितनी धनराशि की स्वीकृति की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों | नगर विकास |
| स्वामी यतीश्वरानन्द<br>07.08.2019 | 3. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत जंगली जानवरों से बड़े स्तर पर होने वाली जान–माल की हानि के कारण बहुत से किसानों ने खेती करना छोड़ दिया हैं? क्या सरकार तार–बाड़ अथवा रक्षा प्राचीर द्वारा किसानों की जान व फसल की रक्षा के लिए प्रयास कर रही है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |
| स्वामी यतीश्वरानन्द<br>07.08.2019 | 4. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार शहर का कूड़ा निस्तारण करने के लिए ग्राम सराय में जो संयन्त्र लगाया गया है, उसने अभी तक काम करना शुरू ही नहीं किया है, जिसके कारण कूड़े के बड़े–बड़े ढेरों से बड़ें स्तर पर जन स्वास्थ्य हानि हो रही है और साथ ही जल भी दूषित हो रहा है ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि यह संयन्त्र कब तक अपनी क्षमता के अनुसार काम करना प्रारम्भ कर देगा और कूड़े के ढेरों से ग्रामीण जनता को कब तक मुक्ति मिल जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह<br>08.08.2019 | **द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 95 में स्थानान्तरित।**<br>5. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गंगा स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2019 | 6. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत शिक्षित बेरोजगारों को वर्ष 2012 से प्रवृत्त रोजगार सह कौशल विकास भत्ता दिया जाना तय था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना के प्रारम्भ होने के बाद से अब तक जनपदवार कितने शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार सह कौशल विकास भत्ता प्रदान किया जा चुका है ? इनमे से हरिद्वार जिले में कितने लाभार्थी हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास 08.08.2019 | 7. क्या वन मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में कितने मोटर मार्ग वन अधिनियम में सैद्धान्तिक/अंतिम स्वीकृति प्राप्त हैं तथा कितने मोटर मार्ग नोडल, भारत सरकार तथा यूजर एजेंसी के पास लम्बित हैं, उनके नाम व मदवार सूचना देने का कष्ट करेंगे ? सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त मोटर मार्गों में किन–किन मार्गों पर एन0पी0वी0 जमा हुई है? क्या इसका विवरण धनराशिवार बताने का कष्ट करेंगे ? | वन |
| श्री चन्दन राम दास 08.08.2019 | 8. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रत्येक जनपद में बंदर बाड़ा बनाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री चन्दन राम दास 08.08.2019 | 9. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में वन्य जीवों से कितने मानव, पशु या अन्य प्रकार की जन हानि हुई है तथा इनको मुआवजे के लिए कितनी धनराशि वर्ष 2016–17, 2017–18 व 2018–19 में शासन से आवंटित हुई है एवं कितनी धनराशि का वितरण हुआ है तथा कितनी धनराशि अवशेष है ? | वन |
| श्री धन सिंह नेगी 08.08.2019 | 10. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि वन निगम की देनदारियां उत्तर प्रदेश वन निगम पर है? यदि हाँ तो क्या मंत्री जी उत्तराखण्ड वन निगम की उत्तर प्रदेश वन निगम के पास जमा पूंजी का विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 13.08.2019 | 11. शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रदेश में ए0डी0बी0 द्वारा विभिन्न शहरों में सीवर लाइनें, पेयजल योजनाएं एवं अन्य कार्य सुचारू रूप से किये जा रहे है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि रूड़की शहर में सलेमपुर, कृष्णा नगर एवं प्रेमनगर का आधा हिस्सा व मतलबपुर, शिवपुरम को इस योजना से लाभान्वित नहीं किया जा रहा है? सरकार द्वारा अपूर्ण व अधूरी योजनाओं की कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री धन सिंह नेगी 16.08.2019 | 12. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में वन विकास निगम कार्यरत है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड वन विकास निगम का वर्तमान प्रशासनिक ढांचा क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि उत्तराखण्ड वन विकास निगम में वर्तमान में कर्मचारियों की कमी है ? यदि हां, तो वर्तमान में वन विकास निगम के पास स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत् कार्मिकों का विवरण उपलब्ध करायेगें ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 19.08.2019 | 13. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री अवगत हैं कि शीतकाल के समय प्रदेश में भेड़–बकरी पालक अपनी भेड़–बकरी चुगाने के लिए निचले वन क्षेत्रों में ले जाते हैं जिसकी अनुमति पुराने पशुपालकों को दी जाती है, किन्तु नये पशु पालक वंचित रह जाते हैं ? क्या नये भेड़–बकरी पालकों को भी चुगाने के परमिट जारी किये जायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |
| श्री देशराज कर्णवाल 20.08.2019 | **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के कारण निरस्त।** 14. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नगर निकायों तथा ग्राम पंचायतों के निर्वाचन एवं उनके संचालन हेतु उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अपना अधिनियम तैयार कर दिया है? क्या वर्ष 2019–20 के ग्राम पंचायत चुनावों में उक्त अधिनियम के तहत ही चुनाव सम्पन्न होंगे अथवा नहीं ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.08.2019 | 15. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में आतिथि तक कुल कितने बन्धुवा श्रमिकों का चिन्हीकरण किया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि चिन्हित बन्धुआ श्रमिकों में से कुल कितने श्रमिकों का पुनर्वास किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री धन सिंह नेगी 22.08.2019 | 16. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार के अधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कौशल विकास से सम्बन्धित विभिन्न प्रोग्राम संचालित किये जाते हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक विधान सभा क्षेत्र, टिहरी के अन्तर्गत नई टिहरी व चम्बा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौन–कौन से ट्रेड संचालित किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल 22.08.2019 | **स्थगित।** 17. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के आवास विहीन लोगों की संख्या कितनी है ? सरकार इन आवास विहीन लोगों का कब तक आवास उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल 27.08.2019 | 18. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री अवगत है कि प्रदेश भर के शहरी व आवासीय क्षेत्रों में बन्दरों एवं आवारा कुत्तों का प्रकोप निरन्तर बढ़ता जा रहा है जिनके द्वारा लोगों को काटने की घटनायें लगातार बढ़ रही हैं? इन्हें नियंत्रित करने हेतु सरकार कोई योजना बना रही हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 28.08.2019 | 19. क्या शहरी विकास मन्त्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में नगरों में सड़क पर रेड़ी, फेरी, भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने वाले तथा सपेरों आदि के विस्थापन के लिए क्या कोई नीति अथवा कार्ययोजना का निर्माण किया गया है? यदि हां, तो प्रदेश में अब तक ऐसे कितने लोगों/परिवारों का पुनर्वास किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.08.2019 | 20. क्या श्रम मन्त्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में दि ड्रिस्ट्रिक्ट नेशनल चाईल्ड लेबर प्रोजेक्ट सोसाईटी का गठन कर सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि हां, तो क्या जनपदवार कार्य करने वाले बालकों को चिन्हित कर कार्य से हटाकर स्कूलों में भर्ती कराया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.08.2019 | 21. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 18 वर्ष से कम आयु के कितने युवा/युवती धर्मशाला, होटल, भट्टों पर कार्य कर रहे हैं? क्या श्रम विभाग द्वारा ऐसे संस्थानों पर प्रदेश बनने से अब तक कोई कार्यवाही की गई थी? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी विवरण क्या हैं? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.08.2019 | 22. क्या नगर विकास मंत्री अवगत है कि प्रदेश में नगर पंचायतें एवं छोटी नगर पालिकाओं में वित्तीय संसाधनों की कमी हैं? क्या ऐसी नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के अन्तर्गत विकास कार्यो के लिए सरकार प्रतिवर्ष पर्याप्त बजट की व्यवस्था करेगी? यदि हां, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.09.2019 | 23. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि शहरी विकास विभाग में कार्यरत सफाई निरीक्षक जो लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित हैं तथा जिनकी शैक्षिक योग्यता स्नातक विज्ञान वर्ग के साथ–साथ सफाई निरीक्षक का डिप्लोमा है, को शहरी विकास विभाग द्वारा 2800 ग्रेड–पे यानि वेतनमान का पाचवां स्तर दिया जा रहा है जबकि उत्तर प्रदेश में 4200 ग्रेड–पे यानि वेतनमान का छठवां स्तर दिया जा रहा है ? साथ ही अन्य विभाग में भी 4200 ग्रेड–पे दिया जा रहा है, जबकि वहां पर शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट व डिप्लोमा रखी गयी है ? क्या सरकार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित इन सफाई निरीक्षकों को 4200 ग्रेड–पे देना उचित नहीं समझती है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो कब तक इस वेतन विसंगति का निवारण किया जायेगा? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.09.2019 | 24. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार में राजकीय आई0टी0आई0, डेलना लगभग 10 वर्षों से संचालन में है परन्तु आज तक इसमें शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के विभिन्न पद रिक्त है? इन रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार क्या योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.09.2019 | 25. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्रीन बिल्डिंग निर्माण को बढ़ावा दिये जाने हेतु बिल्डिंग निर्माण संबंधी नियमों एवं प्राविधानों में कोई संशोधन किया गया है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं? तो क्यों? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.09.2019 | 26. क्या आवास मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सभी को आवास उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड आवास नीति बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या निम्न आय वर्ग के श्रेणी के लोगों को आवास उपलब्ध कराये जा चुके हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.09.2019 | 27. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मेट्रो रेल शहरी अवस्थापना एवं भवन निर्माण निगम लि0 के बोर्ड को मानव संसाधन के प्रबन्धन हेतु ढांचे का गठन एवं वित्तीय/प्रशासनिक शक्तियों का प्रतिनिधायन कर दिया गया है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>20.09.2019 | 28. क्या आवास मंत्री अवगत है कि राज्य में भागीरथी नदी घाटी विकास प्राधिकरण अस्तित्व में है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में उक्त प्राधिकरण के प्रशासनिक ढांचे में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत कार्मिकों का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त प्राधिकरण द्वारा भागीरथी नदी घाटी क्षेत्र की महायोजना का कार्य चल रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महायोजना के कार्य की वर्तमान स्थिति से अवगत कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.09.2019 | 29. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न उद्योगों में कार्यरत कितने श्रमिकों की मृत्यु हुई है एवं कितनों को चोट लगी है? हरिद्वार जनपद में ऐसे श्रमिकों की संख्या कितनी है तथा उनके आश्रितों को न्यूनतम वेतन एवं ग्रेच्यूटी एवं क्षतिपूर्ति का भुगतान विभाग द्वारा किया गया है ? यदि हां, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.09.2019 | 30. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में तथा मुख्य रूप से हरिद्वार के ग्राम ठसका झबीरण जट्ट, गदर जुड्डा आदि क्षेत्रों में जंगली नील गायों द्वारा फसलों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए सरकार क्या कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हां तो, क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.09.2019 | 31. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य कौशल कार्यक्रम पुनर्गठित कर दीनदयाल उपाध्याय योजना प्रारम्भ करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.09.2019 | 32. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में ध्वनि प्रदूषण बढ़ता जा रहा है? क्या यह सत्य है कि ध्वनि प्रदूषण का एक कारण वाहन भी है? यदि हां, तो वाहनों द्वारा होने वाले ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए क्या सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.09.2019 | 33. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दूसरे राज्यों की भांति उत्तराखण्ड में ईको पार्क बनाये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो झबरेड़ा विधान सभा में भी ईको पार्क बनाये जाने का सरकार का कोई प्रस्ताव है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.09.2019 | 34. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रों को भी विनियमित क्षेत्रों में सम्मिलित कर लिया गया है? क्या सरकार ग्रामीणों की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों को विकास शुल्क से मुक्त करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.09.2019 | 35. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय किराये के भवनों में संचालित है? क्या सरकार ने ऐसे चिकित्सालयों के लिए सरकारी भवन बनाने की योजना बनाई है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.09.2019 | 36. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत राज्य के कितने जनपदों के शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन परियोजना का संचालन किया जा रहा है? क्या इस योजना से अच्छे परिणाम मिलने लगे है और प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है? यदि हां, तो क्या सरकार सम्पूर्ण प्रदेश में इसी प्रकार की परियोजना लागू करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.09.2019 | 37. क्या वन मंत्री अवगत है कि मैदानी क्षेत्रों में नील गाय एवं जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसल को नुकसान पहुँचाया जा रहा है? किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से निजात दिलाने हेतु सरकार क्या कार्य कर रही है? यदि हां तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.10.2019 | 38. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कौशल इनोवेटिव और समेकित योजना को बढ़ावा देने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.10.2019 | 39. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत है कि सरकार अनुसूचित जाति/जनजाति महिलाओं व अन्य कमजोर वर्ग के उत्थान हेतु उद्यमिता विकास से सम्बन्धित गतिविधियों के अन्तर्गत प्रशिक्षण की व्यवस्था करती है? क्या वर्तमान वित्तीय वर्ष में ऐसे प्रशिक्षणों की व्यवस्था की गई है? यदि हां, तो कब और कहां–कहां? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.10.2019 | 40. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शहरी क्षेत्रों को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है? क्या मलिन बस्तियों का भी विकास किया जा रहा है अथवा नहीं ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.10.2019 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 08 में स्थानान्तरित।**<br>41. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत गंगा नदी की मुख्य धारा के किनारे स्थित 15 नगरों में पूर्व निर्मित एस.टी.पी. के उच्चीकरण, नवीन एस.टी.पी. के निर्माण तथा गन्दे नालों के एस.टी.पी. में डायवर्जन से सम्बन्धित कितनी परियोजनाएं स्वीकृत की गई है तथा इनमें से कितनी परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.10.2019 | 42. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने आयुष वेलनेस सेन्टर खोलने की सरकार की योजना है ? यदि हां तो, अब कितने आयुष वेलनेस सेन्टर कहां–कहां खोले जा चुके है? सरकार द्वारा झबरेड़ा में भी आयुष वेलनेस सेन्टर खोलने की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.10.2019 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 07 में स्थानान्तरित।**<br>43. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि "प्रधानमंत्री आवास योजना" के तहत योजना की तीसरी किस्त लाभार्थियों को देने की सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.10.2019 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 06 में स्थानान्तरित।**<br>44. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवीन चन्द्र दुम्का 15.10.2019 | 45. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि वन विभाग से गांवों में किसानों को इमारती व कुकाट लकड़ी के हक–हकूक की व्यवस्था थी तथा कुछ ग्रामों को माफी की व्यवस्था थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि हल्द्वानी रेंज (केन्द्रीय तराई वन प्रभाग) व गौला रेंज (पूर्वी तराई वन प्रभाग) के अन्तर्गत किन–2 ग्रामों को व्यवस्था नोटीफाईड थी? क्या यह हक/माफी किसनों को दी जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 22.10.2019 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 31 में स्थानान्तरित।** 46. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गोल्डन फारेस्ट की जमीन चिन्हित करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 23.10.2019 | 47. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कार्बेट पार्क बिजरानी जोन पर्यटकों के लिये खोलने की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 24.10.2019 | 48. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत कृष्णा नगर में पं0 दीन दयाल उपाध्याय पार्क बनाये जाने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा रूड़की आगमन पर दिनांक 21–10–2019 को की गई थी ? यदि हां, तो घोषणा के क्रियान्वयन पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास |
| श्री सुरेश राठौर 29.10.2019 | 49. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में वर्ष 2017 से अभी तक सभी पात्र लोगों को आवास आवंटित कर दिये गये हैं ? यदि हां, तो क्या इसकी सूची सदन में प्रस्तुत की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों व कब तक आवास आवंटित कर दिये जायेंगे ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल 30.10.2019 | 50. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि आई0एस0बी0टी0 से विधान सभा जाने वाले मार्ग के मध्य कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन खुले में संचालित हो रहा है जिस कारण सम्पूर्ण क्षेत्र में बदबू, कूड़ा फैल रहा है तथा बीमारियों का खतरा बना हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन्दौर शहर की तर्ज पर अत्याधुनिक कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कैसे और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल 30.10.2019 | 51. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने डीम्ड फॉरेस्ट क्षेत्र हैं तथा इनकी जनपदवार स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 08.11.2019 | 52. क्या आयुष शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऋषिकुल/गुरूकुल परिसर हरिद्वार में एम0डी0/एम0एस0 (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित आधार पर अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को राज्य कोटे में प्रवेशित अभ्यार्थियों की भांति छात्रवृत्ति अनुमन्य किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नही, तो क्यों ? | आयुष शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 08.11.2019 | 53. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि हरिद्वार स्थित होटल अलकनंदा एवं उसके परिसर की भूमि का उपयोग कुम्भ मेले में व्यवसायिक गतिविधियों हेतु करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल 08.11.2019 | 54. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के विभिन्न नगर निकायों/प्राधिकरणों में अनाधिकृत निर्माणों एवं मलिन बस्तियों के विनियमितीकरण, पुनर्वास तथा पुनः विस्थापन करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल 08.11.2019 | 55. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कार्बेट टाईगर रिजर्व के अन्तर्गत निवासरत वन गुजर समुदाय के परिवारों का विस्थापन करने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 11.11.2019 | 56. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निगमों के वित्तीय अधिकार बढ़ाये जाने की सरकार की क्या योजना है ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल 11.11.2019 | 57. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वनाग्नि नियन्त्रण हेतु चीड़ पीरूल एकत्रीकरण कार्यो से स्थानीय जनता को लाभ पहुंचाने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 11.11.2019 | 58. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली में सरकार द्वारा संशोधन किये गये है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 11.11.2019 | 59. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में क्षेत्र विशेष को वन के रूप में परिभाषित किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल 13.11.2019 | 60. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिम कार्बेट पार्क से प्राप्त आय जो वर्ष 2019–20 तक 5.50 करोड़ होने की सम्भावना है, को फाउन्डेशन के अन्तर्गत वन्य जीवों की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में सरकार द्वारा कोई कदम उठाये जा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.11.2019 | 61. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि कालागढ़ वन प्रभाग के अन्तर्गत विकासखण्ड नैनीडांडा व रिखणीखाल के ग्राम जमुड, भक्वा, तैडिया व पांड गांव के लोगों को अपने गांव तक सड़क मार्ग से जाने की अनुमति है ? यदि हां, तो विभाग द्वारा ग्रामीणों को रोके जाने के क्या कारण है ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.11.2019 | 62. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार के ग्राम कुरडी ग्राम पंचायत के नजरपुरा, खालस बस्ती को नगर पालिका परिषद मंगलौर में मिलाए जाने की सरकार की क्या योजना है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.11.2019 | 63. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजा जी नेशनल पार्क के अन्तर्गत निवासरत वन गुर्जर परिवार को विस्थापन किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.11.2019 | 64. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दुकानों एवं स्थापनों में नियोजित कर्मकारों एवं सेवा की अन्य शर्तो से सम्बन्धित विधियों को विनिमित, संशोधित एवं समेकित करने तथा उससे संबंधित उसके अनुषांगिक मामलों में सरकार की क्या योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री संजय गुप्ता<br>07.08.2019 | 65. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि आगामी कुम्भ मेला हरिद्वार में होगा और सम्पूर्ण मेला क्षेत्र लगभग 130 वर्ग कि0मी0 में है जिसमें प्रमुखतः हरिद्वार, देहरादून, टिहरी व पौड़ी जनपदों के भू–भाग मेला क्षेत्र में आयेंगे ? मेले में आने वाले यात्रियों के लिए लक्सर क्षेत्र भी तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अनेकों स्थल पौराणिक महत्व के हैं तथा यह हरिद्वार के निकट एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक मार्ग है ? क्या सरकार द्वारा लक्सर को मेले क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने की कोई योजना विचाराधीन हैं ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.08.2019 | 66. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार एक कुंभ नगरी है और पूर्व में कुंभनगरी के क्षेत्रफल में केवल हरिद्वार नगर का क्षेत्रफल ही सम्मिलित था, जबकि हरिद्वार जनपद आस्था के कारण जनपद का सम्पूर्ण क्षेत्र हरिद्वार कुंभ क्षेत्र तत्समय से ही पूर्व घोषित होना चाहिए था, जबकि कुंभ क्षेत्र में पहले ऋषिकेश शामिल किया गया था तथा अर्द्धकुंभ के समय में नरेन्द्रनगर, रूद्रप्रयाग को भी शामिल किया गया है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद के प्रवेश द्वार तथा अन्य क्षेत्रफल, जो कुंभनगरी से सटा हुआ है, को शामिल किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

# नत्थी "घ"

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 03 दिसम्बर, 2019 की बैठक में दिनांक 04 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-**

**दिसम्बर, 2019**

| | | |
|---|---|---|
| 04 बुधवार | (1) | अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा जाना। |
| | (2) | औपचारिक कार्य। |
| | (3) | विधायी कार्य। |